आईआईएम रांची में संविधान दिवस मना

रांची। आईआईएम रांची में शुक्रवार को संविधान दिवस मनाया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि राजीव रंजन, महाधिवक्ता, झारखंड सरकार मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक प्रो शैलेंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम से हुई। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने भारतीय संविधान की उत्पत्ति के बारे में बात की और यह देश में सभी कानून निर्माण और नीति निर्माण की बुनियाद के रूप में कैसे कार्य करता है के बारे में बताया। निदेशक प्रो शैलेंद्र सिंह ने कहा कि आईआईएम रांची विविधता को बढ़ावा देता है। छात्राओं के लिए संस्थान में उपलब्ध सीटों की संख्या बढ़ाना समाज में सशक्त महिलाओं के भविष्य में निवेश है।

Hindustan, 27.11.2021, Pg. 07